सत्यमेव जयते

राजस्थान सरकार

कार्यालय आवासीय आयुक्त,
बीकानेर हाऊस, नई दिल्ली

# प्रशासनिक प्रतिवेदन

वर्ष 2021 – 2022

दूरभाष: 23381333, 23383472 फैक्स – 23386956
E-mail: rcrajasthan@rajasthan.gov.in
Website: www.rc.rajasthan.gov.in

# अनुक्रमणिका



| क्र. सं. | विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | प्रस्तावना | 1 |
| 2. | विभाग का संगठनात्मक ढांचा | 2 |
| 3. | स्वीकृत पद/कार्यरत एवं रिक्त पदों का विवरण | 3 |
| 4. | बजट प्रावधान | 4 |
| 5. | विभागीय अनुभाग एवं प्रमुख कार्य | 5–6 |
| 6. | आलोच्य वर्ष की उपलब्धि एवं सार संक्षेप | 7 |

# प्रस्तावना

कार्यालय आवासीय आयुक्त, नई दिल्ली राज्य सरकार के लिए सम्पर्क, समन्वय एवं प्रॉटोकॉल के कार्य के लिए उत्तरदायी है। इस प्रक्रिया के अन्तर्गत कार्यालय द्वारा निम्न कार्य सम्पादित किए जा रहे है:-

1. माननीय राज्यपाल महोदय, माननीय मुख्यमंत्री महोदय, माननीय मंत्रीगण, माननीय न्यायाधीश, मुख्य सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव/प्रमुख शासन सचिव आदि के लिए दिल्ली प्रवास के दौरान प्रोटोकॉल ड्यूटी उपलब्ध कराना तथा वाहन सुविधा उपलब्ध कराना।
2. माननीय राज्यपाल महोदय, माननीय मुख्यमंत्री महोदय, माननीय मंत्रीगण, माननीय न्यायाधीश, मुख्य सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव/प्रमुख शासन सचिव आदि की विदेश यात्राओं के सम्बन्ध में भारत सरकार के विभिन्न विभागों से अनुमोदन एवं पॉलिटिकल क्लीयरेन्स प्राप्त करना।
3. आवासीय आयुक्त द्वारा केन्द्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों से सम्पर्क एवं समन्वय स्थापित कर, राज्य सरकार द्वारा चाही गई सूचना प्राप्त कर राज्य सरकार को उपलब्ध कराना एवं राज्य सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा सूचना प्राप्त किए जाने पर केन्द्र सरकार के विभिन्न विभागों/कार्यालयों से सूचना/जानकारी प्राप्त कर उपलब्ध कराना।
4. दिल्ली स्थित राज्य सरकार के विभिन्न कार्यालयों पर प्रशासनिक नियन्त्रण सम्बन्धी कार्य करना।
5. बीकानेर हाऊस प्रबन्धन समिति के संस्थापन, नियंत्रण तथा कला व संस्कृति आधरित गतिविधियों का संचालन।
6. बीकानेर हाऊस में सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों व प्रगति रिपोर्ट की मॉनीटरिंग करना।
7. बीकानेर हाऊस में लाइसेंस के आधार पर किराये पर दिए गए स्थानों के लिए अनुबन्ध निष्पादन करना।
8. बीकानेर हाऊस स्थित सांसद प्रकोष्ठ के लिए आवश्यक संचालन सुविधाएँ उपलब्ध कराना। साथ ही राजस्थान के सांसदों को राज्य सरकार के लम्बित मामलों की सूची उपलब्ध कराना।
9. बीकानेर हाऊस के सम्पूर्ण परिसर की साफ-सफाई (हाऊसकीपिंग कार्य) कार्य, सुरक्षा व्यवस्था, हॉर्टीकल्चर सम्बन्धी कार्य सम्पादित करवाना।
10. राज्य सरकार से सम्बन्धित दिल्ली स्थित विभिन्न सम्पत्तियों से सम्बन्धित प्रकरणों में आवश्यक कार्यवाही करना।
11. राज्य सरकार से सम्बन्धित दिल्ली स्थित विभिन्न न्यायालयों में चल रहे कोर्ट केस से सम्बन्धित प्रकरणों में राज्य सरकार के निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही करना।
12. राजस्थान स्टेट मोटर गैराज, जयपुर द्वारा दिल्ली में इस कार्यालय को उपलब्ध कराये गये राजकीय वाहनों के संचालन सम्बन्धी कार्यों का क्रियान्वयन, संचालन, मरम्मत व अनुरक्षण का कार्य करना।

# विभाग का संगठनात्मक ढांचा



# स्वीकृत पद/कार्यरत एवं रिक्त पदों का विवरण

| क.सं | पदनाम | स्वीकृत पद | कार्यरत | रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अतिरिक्त मुख्य सचिव (समन्वय) एवं प्रमुख आवासीय आयुक्त | 1 | 1 | 0 |
| 2 | नियंत्रक सम्पत्ति | 1 | 0 | 1 |
| 3 | अतिरिक्त आवासीय आयुक्त | 2 | 1 | 1 |
| 4 | सिस्टम एनालिस्ट (संयुक्त निदेशक) | 1 | 1 | 0 |
| 5 | एनालिस्ट कम प्रोग्रामर (उप निदेशक) | 1 | 1 | 0 |
| 6 | सहायक आवासीय आयुक्त | 2 | 2 | 0 |
| 7 | लेखाधिकारी | 2 | 1 | 1 |
| 8 | प्रोग्रामर | 1 | 1 | 0 |
| 9 | प्रशासनिक अधिकारी/अनुभाग अधिकारी | 1 | 1 | 0 |
| 10 | सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II | 1 | 1 | 0 |
| 11 | निजी सहायक | 1 | 0 | 1 |
| 12 | कनिष्ठ लेखाकार | 1 | 1 | 0 |
| 13 | सूचना सहायक | 6 | 6 | 0 |
| 14 | लिपिक ग्रेड–I | 1 | 1 | 0 |
| 15 | लिपिक ग्रेड–II | 5 | 1 | 4<br>(M.P Cell - 2,<br>RC Office - 2) |
| 16 | चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी | 9 | 7 | 2 |
| | **कुल** | **36** | **26** | **10** |

नोटः प्रशासनिक अधिकारी/अनुभागाधिकारी, लिपिक ग्रेड–I के पद के विरुद्ध पदस्थापन हैं एवं एक च.श्रे.क के पद पर सेवानिवृत च.श्रे.क समेकित पारिश्रमिक पर कार्यरत है।

## बजट प्रावधान

आवासीय आयुक्त कार्यालय के बजट मद 2052–00–090–01–07 आवासीय आयुक्त कार्यालय, नई दिल्ली (सा.प्र. वि. के माध्यम से), (राज्य निधि) में वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए स्वीकृत बजट प्रावधान व दिसम्बर 2021 तक व्यय की स्थिति निम्न प्रकार से है:–

**(अ) वित्तीय वर्ष 2021–22 में बजट प्रावधान व व्यय की स्थिति** (रुपये सहस्त्रों में)

| क.सं. | मद | वर्ष 2021–22 के लिए स्वीकृत मूल बजट प्रावधान | दिसम्बर 2021 तक व्यय |
|---|---|---|---|
| 1 | 01–संवेतन | 22500.00 | 15854.00 |
| 2 | 03–यात्रा व्यय | 450.00 | 425.21 |
| 3 | 04–चिकित्सा व्यय | 600.00 | 528.17 |
| 4 | 05–कार्यालय व्यय | 8300.00 | 5057.25 |
| 5 | 14–सत्कार व्यय | 100.00 | 6.52 |
| 6 | 37–वर्दिया | 12.000 | 10.35 |
| 7 | 41–संविदा व्यय | 10000.00 | 5023.64 |

**(ब) गत तीन वित्तीय वर्षो में व्यय की स्थिति** (रुपये सहस्त्रों में)

| क.सं. | बजट मद | वर्ष 2018–19 | वर्ष 2019–20 | वर्ष 2020–21 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 01–संवेतन | 23147.25 | 19444.76 | 20571.76 |
| 2 | 03–यात्रा व्यय | 235.51 | 261.95 | 402.48 |
| 3 | 04– चिकित्सा व्यय | 398.55 | 496.66 | 195.67 |
| 4 | 05– कार्यालय व्यय | 8744.29 | 7959.09 | 6996.19 |
| 5 | 14–सत्कार व्यय | 79.13 | 41.25 | 52.37 |
| 6 | 12–गैर संवेतन सहायतार्थ अनुदान | 7655.69 | 8732.67 | 4197.07 |
| 7 | 37–वर्दिया | 8.55 | 8.55 | 11.85 |
| 8 | 41–संविदा व्यय | 8172.93 | 9543.60 | 9334.51 |
| 9 | 92–सहायतार्थ अनुदान (संवेतन) | 0 | 0 | 0 |

**(स) बीकानेर हाउस में उपलब्ध कराये गये स्थल की लाइसेंस फीस एवं विभिन्न गतिविधियों से प्राप्त आय का विवरण।** (राशि रुपये में)

| क.सं. | प्राप्ति मद | विवरण | दिसम्बर 2021 तक आय |
|---|---|---|---|
| 1 | 0059-80-011-02-00 (सम्पदा विभाग के माध्यम से) | बीकानेर हाउस परिसर में विभिन्न स्थलों से प्राप्त लाइसेन्स फीस व किराये की पेटे राशि। | रू. 8656643/- |
| 2 | 0070-60-800-28-00(राजस्थान राज्य से बाहर स्थित परिसम्पत्तियाँ प्रबन्धन समिति की आय) | बीकानेर हाउस परिसर में विभिन्न कार्यालयों से बिजली–पानी चार्जेज पेटे राशि। | रू. 790769/- |
| 3 | 0075-00-800-52-01 (निविदा शुल्क की प्राप्तियाँ) | प्राप्त टेण्डर फीस पेटे राशि। | रू. 2200/- |

# विभागीय अनुभाग एवं कार्य

आवासीय आयुक्त कार्यालय के कार्य सम्पादन व्यवस्था के लिए शाखावार सूचना निम्न प्रकार से है:-

1. संस्थापन शाखा
2. लेखा शाखा
3. मोटर गैराज व प्रोटोकॉल शाखा
4. सूचना प्रौद्योगिकी
5. सांसद प्रकोष्ठ
6. स्टोर शाखा एवं पत्र प्राप्ति एवं प्रेषण शाखा

## I. संस्थापन शाखा

आवासीय आयुक्त कार्यालय, बीकानेर हाउस, नई दिल्ली में भारतीय प्रशासनिक सेवा, राजस्थान लेखा सेवा, सूचना एवं प्रोद्यौगिकी सेवा, अधीनस्थ लेखा सेवा, अधीनस्थ कम्प्यूटर सेवा व मंत्रालयिक संवर्ग के अधिकारी व कर्मचारी कार्यरत हैं। संस्थापन शाखा द्वारा कार्यालय में कार्यरत सभी अधिकारियों/कर्मचारियों के सेवाभिलेख का संधारण, अवकाश स्वीकृति सम्बन्धी कार्य, सामर्पित अवकाश संबंधी कार्य राज्य बीमा/जी.पी.एफ. ऋण स्वीकृति, वार्षिक वेतन वृद्धि स्वीकृति, चयनित वेतनमान स्वीकृति, पेंशन स्वीकृत करवाने संबंधी कार्य, प्रशासनिक नियन्त्रण कार्य, सामान्य पत्राचार संबंधी कार्य सम्पादित किए जाते हैं। इसके अतिरिक्त विधानसभा सत्र सम्बन्धी प्रश्नों का उत्तर तैयार किये जाने का महत्वपूर्ण कार्य किया जाता है।

## II. लेखा शाखा

कार्यालय में लेखा शाखा द्वारा कार्यालय का लेखा, बजट तैयार करना, बजट नियंत्रण व सामान्य प्रशासन विभाग के आदेशों के अनुसार आवासीय आयुक्त कार्यालय बीकानेर हाउस के कार्य, राजस्थान हाउस, जोधपुर हाउस के कार्मिकों के चयनित वेतनमान, ए.सी.पी वेतन निर्धारण कार्य किया जाता हैं। कार्यरत स्टॉफ में अधिकारियों/कर्मचारियों के मासिक संवेतन राज्य बीमा/जी.पी.एफ. ऋण संबंधी भुगतान कार्य, कार्यालय संचालन हेतु विद्युत, पानी, टेलीफोन, कम्प्यूटर रख-रखाव, चिकित्सा, यात्रा भत्ता, भवन की सुरक्षा में लगे सुरक्षा गार्डो तथा बीकानेर हाउस की साफ-सफाई व्यवस्था हेतु सम्बन्धित एजेन्सी को मासिक भुगतान किया जाता है। सांसद प्रकोष्ठ व प्रोटोकॉल कार्य के जॉब बेसिस सेवाओं का भुगतान भी लेखा शाखा के माध्यम से किया जाता हैं।

आवासीय आयुक्त कार्यालय में लीज पर विभिन्न एजेन्सियों को किराये पर उपलब्ध कराये गए स्थल के लिए मासिक किराये राशि को राजकोष में जमा कराना एवं बीकानेर हाउस प्रबंधन समिति द्वारा स्थल विभिन्न प्रोग्राम व इवेन्ट के लिए किराये पर दिए जाने से प्राप्त राशि को भी राज्य सरकार द्वारा निर्धारित आय प्राप्ति मद में कोषालय में समायोजन हेतु जमा करवाना, किराये से प्राप्त राशि मय नियमानुसार जी.एस.टी. राशि प्राप्त कर जी.एस.टी. रिटर्न मासिक रूप बैंक में जमा कराई जाती है। इसके अतिरिक्त मोटर गैराज, बीकानेर हाउस, नई दिल्ली द्वारा उपलब्ध कराये गये वाहनों के पेट्रोल, अनुरक्षण, मरम्मत व एजेन्सी के माध्यम से ली जा रही वाहन चालक की जॉब बेसिस सेवाओं का भुगतान किया जाता हैं।

### III. मोटर गैराज एवं प्रोटोकॉल शाखा

मोटर गैराज व प्रोटोकॉल शाखा द्वारा आवासीय आयुक्त कार्यालय में माननीय राज्यपाल महोदय, माननीय मुख्यमंत्री महोदय, माननीय मंत्रीगण, माननीय न्यायाधीश, मुख्य सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव/प्रमुख शासन सचिव आदि के लिए दिल्ली प्रवास के दौरान प्रोटोकॉल व वाहन सुविधा उपलब्ध करायी जाती है तथा राजकीय वाहनों के सफल संचालन सम्बन्धी कार्य मरम्मत, अनुरक्षण सम्बन्धित कार्य एवं राजकीय वाहनों के डीजल तथा पेट्रोल के बिलों से सम्बन्धित कार्य सम्पादित किया जाता हैं।

### IV. सूचना प्रोद्यौगिकी

आवासीय आयुक्त कार्यालय में सूचना एवं प्रोद्यौगिकी शाखा द्वारा कार्यालय आवासीय आयुक्त की वेबसाईट संबंधी कार्य, राजस्थान हाउस के सी.एच.एम.एस पोर्टल तथा **RajSWAN** के तहत समस्त भवनों में **Leaseline** एवम् **Wi-Fi** सुविधा संबंधी कार्यों के सफल संचालन हेतु सुपरविजन का कार्य सम्पादित किया जाता है। कार्यालय में कार्यरत सिस्टम एनालिस्ट (संयुक्त निदेशक) द्वारा लोक सूचना अधिकारी के रूप में कार्यालय में सूचना के अधिकार के तहत प्राप्त होने वाले आवेदनों की सूचना उपलब्ध कराई जाती हैं।

### V. सांसद प्रकोष्ठ

सांसद प्रकोष्ठ वर्तमान में राजस्थान हाउस, नई दिल्ली में कार्यरत हैं।

यह प्रकोष्ठ राजस्थान राज्य सरकार के भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों में लम्बित मुद्दों को संसदीय प्रक्रियों के अनुसार सम्बन्धित मंत्रालयों के साथ, राज्य के हित हेतु संसद के दोनों सदनों में रखने में राज्य के सांसदों को सतत सहयोग एवं सहायता प्रदान करता है। इन कर्तव्यों के निष्पादन हेतु उक्त प्रकोष्ठ द्वारा राज्य सरकार से प्रत्येक संसदीय अधिवेशन से पूर्व भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों में राज्य सरकार से संबंधित लम्बित मुद्दों का सार राज्य सरकार से प्राप्त करके उसकी प्रतिलिपि प्रत्येक सांसद को उपलब्ध कराई जाती है। यह प्रकोष्ठ सांसद सदस्यों को उनकी आवश्यकतानुसार टंकण एवं फोटोकापिंग की सुविधा प्रदान करता है। साथ ही संसद सदस्यों की मांग पर यह प्रकोष्ठ संदर्भ टिप्पणियाँ एवं पत्राचार का प्रारूप बनाने के अतिरिक्त सदस्यों को पूरक प्रश्न व राज्य हित के तत्काल सार्वजनिक महत्वों से संबंधित नोटिस तैयार करने में भी सहायता प्रदान करता हैं।

### VI. स्टोर शाखा एवं पत्र प्राप्ति व प्रेषण शाखा

कार्यालय के दैनिक कार्य में उपयोग यथा उपकरणों फर्नीचर, स्टेशनरी कम्प्यूटर सम्बन्धी सामान का क्रय एवं रख-रखाव व पुराने सामान की नीलामी करने संबंधी कार्य स्टोर शाखा द्वारा किया जाता है। साथ ही बी.एच. एम.एस के दैनिक कार्य के उपभोग में आने वाली वस्तुएं जैसे स्टेशनेरी का संधारन भी आवासीय आयुक्त कार्यालय के स्टोर शाखा द्वारा किया जाता है।

विभाग में दैनिक रूप से प्राप्त होने वाले पत्रों की प्राप्ति व पत्रों के प्रेषण संबंधित कार्य किया जाता है।

# आलोच्य वर्ष की उपलब्धि एवं सार–संक्षेप

वर्ष 2021 मे प्रथम बार कार्यालय आवासीय आयुक्त, नई दिल्ली की वेबसाईट तैयार की गई। वेबसाईट का प्रचालन माननीय मुख्य सचिव महोदय द्वारा विडियों कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रमुख आवासीय आयुक्त महोदया, प्रमुख सचिव सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग तथा प्रमुख शासन सचिव सामान्य प्रशासन विभाग की उपस्थिति में दिनांक 23 जुलाई 2021 को किया गया। इसके अतिरिक्त **RajSwan** की **Leaseline** जो राजस्थान सरकार के दिल्ली स्थित समस्त भवनों में कार्यरत है की **bandwidth 16 MBPS** से बढ़ाकर 32 **MBPS** की गई।

कोविड से प्रभावित होने के बावजूद गत वर्ष की अपेक्षा बीकानेर हाऊस परिसर में विभिन्न स्थलों से प्राप्त लाइसेंस फीस व किराये की पेटे राशि में दुगुने से अधिक बढोतरी हुई।

कोविड पश्चात् बीकानेर हाउस भवन में माह जुलाई 2021 से पुनः विविध कला प्रदर्शनी का आयोजन शुरू किया गया। साथ ही राजस्थानी कला व संस्कृति के प्रोत्साहन एवं नई दिल्ली में बीकानेर हाउस को एक प्रतिष्ठित कला व संस्कृति केन्द्र के रूप में विकसित करने हेतु माह नवंबर 2021 में बीकानेर हाऊस परिसर में आवासीय आयुक्त कार्यालय, राजस्थान फाउंडेशन, राजस्थान पर्यटन विभाग एवं बीकानेर हाऊस मैनेजमेंट सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में ग्लोबल प्रवासी दीपोत्सव कार्यक्रम के साथ – साथ रंगारंग राजस्थानी सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें दुबई से लाइव प्रवासी राजस्थानियों के सांस्कृतिक समूहों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दी।

माह दिसम्बर 2021 में आगामी इन्वेस्टर्स समिट – इन्वेस्ट राजस्थान 2022 का प्रथम स्थानीय रोडशो दिल्ली में आयोजित किया गया। दिल्ली रोडशो का नेतृत्व उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री, अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं प्रमुख आवासीय आयुक्त नई दिल्ली, सचिव उद्योग व प्रबंध निदेशक द्वारा किया गया। उक्त रोड–शो से राजस्थान सरकार को 78,700 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए।